# प्रशासन का दावा, एलपीजी गैस का पर्याप्त है स्टॉक

## इंडियन ऑयल विपणन अधिकारी बोले अफवाहों पर ध्यान न दें, कलेक्टर ने गैस एजेंसी संचालको व व्यापारियों के साथ की बैठक

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मार्च।** कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने गुरुवार को रसोई गैस एजेंसी संचालकों, व्यवसायियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। कलेक्टर ने बैठक के दौरान निर्देशित किया कि जिले में घरेलू गैस सप्लाई निर्बाध चलती रहे और आमजनों को परेशानी नहीं आए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य रूप से जारी रहना चाहिए। विभागीय अधिकारी जिले में घरेलू गैस की मांग का आंकलन करें, जिससे गैस सप्लाई में परेशानी नहीं हो। खाद्य विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों से संपर्क बनाए रखें। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों को भी समझाइश दें कि वे अनावश्यक रूप से पैनिक बुकिंग न करें और घरेलू गैस का उपयोग आवश्यकता के अनुसार ही करें। विपणन अधिकारी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने नागरिकों से अपील की है कि रसोई गैस की कमी को लेकर फैल रही भ्रामक खबरों और अफवाहों पर विश्वास न करें। जिले में घरेलू एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी नागरिकों से आग्रह है कि किसी भी जानकारी की पुष्टि केवल अधिकृत शासकीय स्त्रोतों से ही करें और अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचनाओं का प्रसार करने से बचें। साथ ही संयम बनाए रखें और अनावश्यक रूप से ईंधन या गैस का संग्रहण न करें तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में केवल प्रमाणित और सही जानकारी को ही साझा करें।

**रसोई गैस की कमी को लेकर अफवाहों पर विश्वास न कर**

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के विपणन अधिकारी ने कहा है कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी नागरिकों से आग्रह है कि किसी भी जानकारी की पुष्टि केवल अधिकृत शासकीय स्त्रोतों से ही करें और अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचनाओं का प्रसार करने से बचें। साथ ही संयम बनाए रखें और अनावश्यक रूप से ईंधन या गैस का संग्रहण न करें तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में केवल प्रमाणित और सही जानकारी को ही साझा करें।

# ट्रांसफार्मर उठाए, 10 कनेक्शन काटे



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मार्च।** बिजली विभाग द्वारा बकाया बिल राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध विशेष सघन अभियान चलाते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है। लंबे समय से भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के क्षेत्रों से कर ट्रांसफार्मर उठाए गए तथा 10 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए हैं।

ऐंतहार डिवीजन के कनिष्ठ अभियंता यश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित उपभोक्ताओं को पूर्व में कई बार नोटिस एवं मौखिक चेतावनी दी गई थी, बावजूद इसके बकाया राशि जमा नहीं की गई, तब विभाग द्वारा राजस्व हानि रोकने तथा नियमित बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक बकाया राशि पूर्ण रूप से जमा नहीं की जाएगी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की जाएगी। भविष्य में भी बकायेदारों के विरुद्ध इसी प्रकार की निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान भिंड ग्रामीण के प्रबंधक अवध शर्मा सहित मीटर रीडर शिवम भारद्वाज, विजय बहादुर भदौरिया, विपेंद्र भदौरिया, शिवम शर्मा, धर्मेंद्र गुर्जर एवं रामवरन नरवरिया, अवस्थी उपस्थित रहे।



# कुपोषण को मिटाने में आंगनबाड़ी के अमले का सहयोग महत्वपूर्ण : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मार्च।** कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा की अध्यक्षता में पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता, जबावदारियां क्रय की प्रक्रियाए वितरण एवं पोषण ट्रेकर द्वारा पारदर्शिता एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य अधिकारी समिति सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक के दौरान सुपरवाइजरों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे कुपोषित बच्चों को चिन्हित करें उनके परिजनों को समझाकर बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराएं। उन्होंने घर- घर जाकर बच्चों की जांच कर डेटा एंट्री करने के आदेश दिए।

# एनएच- 719 को 6 लेन बनाए जाने आज फहराएगी धर्मध्वजा

**सभी महामंडलेश्वर और महंत अखाड़ों के संत करेंगे शिरकत**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मार्च।** अखिल भारतीय संत समिति द्वारा 13 मार्च को दोपहर 1 बजे ध्वजारोहण के साथ टोल फ्री आंदोलन किया जाएगा। इसका नेतृत्व संत समिति के प्रदेश अध्यक्ष दंदरौआ सरकार के महंत रामदास महाराज करेंगे। इससे पहले बालाजी हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना कर संत समाज, समाज सेवी, पूर्व सैनिक, आमजन, किसान, नौजवान धर्मध्वजा लेकर चलेंगे और जिसकी स्थापना ग्वालियर भिंड हाईवे एनएच 719 के टोल प्लाजा मालनपुर पर की जाएगी।

धर्म ध्वजा लेकर संत हरिनिवास अवधूत महाराज चिलोंगा, संत कमलदास महाराज टीकरी, संत रामभूषण दास महाराज खनेता धाम, संत राघवपुरी महाराज, संत डॉ. शिवप्रताप महाराज पीठाधीश्वर त्रिमूर्ति धाम, संत प्रद्युम्न महाराज मसूरी, संत त्यागी बाबा शनि धाम, संत रामभजन दास महाराज, संत प्रेमानंद सरस्वती चामुंडा महाराज अटेर, संत हरिओम दास भूमिया सरकार, संत गोवर्धन महाराज दूधी बाबा सहित सैकड़ों संत धर्मध्वजा थामेंगे। अखिल भारतीय संत समिति जिला अध्यक्ष संत कालीदास महाराज ने वीडियो जारी कर सभी जाति, धर्म, पंथ समुदाय से भावुक होकर अपील की है कि मानवता बचाने हर घर निकले एक आदमी, उन्होंने कहा है कि आम जनसमुदाय भिंड ग्वालियर इटावा मार्ग को लेकर सभी से प्रार्थना है 13 मार्च को धर्म ध्वजा कार्यक्रम 16 मार्च बरेठा टोल फ्री आंदोलन में सभी जन शामिल हों। भूतपूर्व सैनिकों में सूबेदार मेजर राम अवतार सिंह परमार, सूबेदार जितेंद्र सिंह तोमर, चौधरी दीपक सिंह अहमाना गिरगांव, जितेंद्र सिंह भदौरिया पीपरी, सत्यपाल सिंह अरविंद सिंह तोमर, जयदीप सिंह फौजी, दशरथ सिंह कंसाना, पप्पू सरपंच लक्ष्मणगढ़, बलराम सिंह, फेरन सिंह राजावत, चक्रपाण सिंह सिकरवार, कौशलेंद्र सिंह भदौरिया, धर्मराज सिंह तोमर, कृष्ण सिंह जादौन, राजेश सिंह राजावत, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, मनोज भदौरिया, मोनू भदौरिया बिजोरा, नीरू राजावत, एस पी सिंह राठौड़, धर्मेंद्र सिंह राजावत आदि ने आम जन से भाग लेने की अपील की है।

**संत समाज का अल्टीमेटम**

गोहद अखिल भारतीय संत समिति जिला भिंड द्वारा ग्वालियर-भिंड-इटावा



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 719 के सिक्स लेन निर्माण में हो रही देरी तथा जिले में प्रस्तावित गो-अभयारण्य की प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताई गई है। समिति ने इन दोनों मुद्दों को लेकर प्रशासन को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित कराया है और 16 मार्च को बरेठा टोल प्लाजा पर अनिश्चितकालीन टोल फ्री आंदोलन की चेतावनी दी है। समिति के जिला अध्यक्ष संत कालीदास जी महाराज द्वारा जिलाधीश भिंड को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि जब तक सिक्स लेन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं होता, तब तक हाईवे पर सभी प्रमुख मोड़ों पर चमकीले साइन बोर्ड लगाए जाएं और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए। साथ ही भिंड शहर के अंदर दिन के समय भारी वाहनों (18 और 22 चक्का ट्रकों) के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की गई है, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# एक नजर में

## नाबालिग ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी, मौत

**भिंड, 12 मार्च।** देहात थाना क्षेत्र के चंदनपुरा गांव में एक 17 वर्षीय नाबालिग ने बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रेशमा जाटव पुत्री शेर सिंह जाटव उम्र 17 वर्ष निवासी चंदनपुरा ने बुधवार देर रात अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। देहात थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले की विवेचना शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच मे जुटी है।

## घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**भिंड।** जिले के रौन थाना क्षेत्र के ग्राम मछंड में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 18 वर्षीय युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गांव के ही आरोपी साहिल खान ने 1 दिसंबर से 10 मार्च के बीच कई बार उसके घर में घुसकर उसके साथ जबरन गलत काम किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर घटना की जानकारी किसी को न बताने का दबाव भी बनाया। मामले की शिकायत मिलने पर रौन पुलिस ने 11 मार्च को आरोपी साहिल खान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और मामले की जांच जारी है।

## नवांकुर संस्था धरई द्वारा ग्राम पंचायत भवन में प्रशिक्षण आयोजित

**भिंड।** ग्राम पंचायत भवन धरई में नवांकुर संस्था द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ट्रेनर अंगद सिंह (एमआरपी) ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित समितियों को मजबूत आधार देना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सतीश सिंह एवं शिवप्रकाश पुरोहित परामर्शदाता के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान श्री यादव ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि समितियों की मजबूती से ही शासन की योजनाएं सही तरीके से जनता तक पहुंच पाएंगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला समन्वयक शिव प्रकाश भदौरिया तथा ब्लॉक समन्वयक सोहन सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआए जिसमें स्थानीय सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## वैन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**भिंड।** जिले के लहार थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी गगन प्रकाश दुबे पुत्र अवधेश कुमार दुबे उम्र 26 वर्ष निवासी मीरा कॉलोनी भिंड हाल निवासी ग्राम मसेरन थाना लहार जिला भिंड ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 मार्च की शाम लगभग 6 बजे वह अपने मित्र के साथ जा रहा था। इसी दौरान सामने चल रही मोटर साइकिल को एक तेज रफ्तार ईको वाहन क्रमांक यूपी 92 एएस 2944 के अज्ञात चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटर साइकिल सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सुबोध यादव (33) पुत्र बृजेश यादव निवासी ग्राम हरौली थाना माधौगढ़ जिला जालौन ;उत्तर प्रदेशद्ध के रूप में हुई है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा दुर्घटना के बाद फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वीडियोग्राफर एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सम्मान समारोह

**मालनपुर।** मुख्य वक्ता गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेवा केंद्र के प्रभारी बीके ज्योति



बहन ने कहा कि फोटो-वीडियोग्राफी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स क्षेत्र से जुड़े लोगों का कार्य भी मन और मस्तिष्क की एकाग्रता से जुड़ा हुआ है। पट्टिका पहनकर व ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया सभी ने शांति की गहन अनुभूति की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मनोज सर, सचिन रावत, बीके महेश भाई, बीके शैलेंद्र भाई, नितेश भाई एवं अनूप पांडे का विशेष सहयोग रहा।

## मार्बल विनाइल में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**मालनपुर।** औद्योगिक क्षेत्र में संचालित मार्बल विनाइल कंपनी में गुरुवार को



रतन ज्योति नेत्रालय और मार्बल कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर विश्व ग्लूकोमा (काला पानी) सप्ताह के अंतर्गत लगाया गयाद्य कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट अमित शर्मा ने बताया कि रतन ज्योति नेत्रालय द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन विश्व ग्लूकोमा (काला पानी) सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया है उन्होंने बताया कि विश्व ग्लूकोमा (काला पानी) सप्ताह हर साल 10-16 मार्च के बीच मनाया जाता है, ।इस अवसर पर आलोक मिश्रा (सीईओ), अमित शर्मा वाईस प्रेसिडेंट, सरफराज मुख्य सुरक्षा अधिकारी, राजेश तिवारी मैनेजर एचआर, अनेक पाल सिंह, नरेंद्र असाती , आनंद मिश्रा कॉन्ट्रेक्टर, केपी अर्जरिया कॉन्ट्रेक्टर आदि कंपनी के अधिकारी एवं रतन ज्योति नेत्रालय के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर भसीन की टीम मौजूद रही।

## गोहद नगर पालिका में 94 .40 लाख के कथित लेन-देन का खुलासा

**गोहद ।** गोहद नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मामला लगातार गहराता जा रहा है। हाल ही में सामने आए एक कथित लेन-देन के हिसाब-किताब के पेज ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सामने आए दस्तावेजों के अनुसार लगभग 127 कर्मचारियों से कुल 94 लाख 40 हजार रुपये का लेन-देन होने का दावा किया जा रहा है। यह राशि कथित तौर पर विनियमीतीकरण और पदोन्नति का लालच देकर कर्मचारियों से वसूली गई बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार कई कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें नियमित करने और पदोन्नति दिलाने का भरोसा दिलाया गया था। आरोप है कि इस प्रक्रिया में नगर पालिका के सेवानिवृत्त सीएमओ सुरेंद्र शर्मा और उनके कुछ करीबी सहयोगियों के नाम उजागर हुई है। कर्मचारियों का कहना है कि उनसे लाखों रुपये की मांग की गई और कई लोगों ने मजबूरी में पैसे दिए। कर्मचारियों के अनुसार स्थिति इतनी गंभीर थी कि कई लोगों ने ब्याज पर कर्ज लिया, जबकि कुछ कर्मचारियों ने घर के गहने तक गिरवी रखकर रकम जुटाई।

# डीआईजी बनने पर डॉ . असित यादव का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मार्च।** पिछड़ा वर्ग के एडवोकेट नरेश सिंह बघेल के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग के आधा सैकड़ा से अधिक अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय भिंड पहुंचकर डॉ. असित यादव को डीआईजी बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जिले में उनके द्वारा किए जा रहे बेहतरीन पुलिसिंग की सराहना करते हुए उनका भव्य स्वागत किया।

**अधिवक्ताओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर दी बधाई**



इस मौके पर जिले के कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से अमृतपाल सिंह बघेल, सुधर सिंह बघेल, एडवोकेट जयश्रीराम बघेल, भानुप्रताप सिंह बघेल, चरन सिंह बघेल, नरेन्द्र बघेल, देवेन्द्र सिंह बघेल, बालकिशन बघेल, सचिन सिंह, मलखान सिंह बघेल, अभिलाख सिंह यादव, रवि बघेल, नीरज सिंह बघेल, बलवीर सिंह बघेल, भानू बघेल, रवि बघेल, अजय श्रीवास, विपिन बघेल, सूरज बघेल, राधेश्याम बघेल, विमलेश बघेल, फौजदार बघेल, महावीर सिंह बघेल, बुद्ध सिंह यादव और रामहेत बघेल सहित अन्य अधिवक्तागण व्यवसायीगण एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी अधिवक्ताओं ने डीआईजी बने डॉ. असित यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हुई है। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग के साथ- साथ एससी- एसटी एवं बघेल समाज के अधिवक्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# विद्यालय की जमीन से नहीं छोड़ना चाहता कब्जा

**गोहद, 12 मार्च।** गोहद गोहद के मो रोड स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 संदीपनी कैंपस 2 नगर का प्रतिष्ठित विद्यालय है जिस पर वर्षों से एक खाद माफिया शमा पठान और उसके पुत्रों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ था करोड़ों रुपए की बेस कीमती जमीन पर यह खाद माफिया अपनी अस्थाई दुकानों के द्वारा अपना काला धंधा खाद की कालाबाजारी करता था इतना ही नहीं विद्यालय की जमीन पर अपने सभी प्रकार के ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य सामग्री रखकर कब्जा किए हुए था जिसके लिए विगत 2 वर्ष पूर्व विद्यालय प्रबंधन द्वारा शासन प्रशासन एवं नगर पालिका और पुलिस विभाग के सहयोग से अतिक्रमण की भूमि को माफिया से मुक्त कराया से मुक्त कराया लेकिन आज भी कारोबारी के वाहनों के आने जाने से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के दुर्घटना ग्रसित होने की शंका बनी रहती है इस लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा लगातार शासन प्रशासन एवं पुलिस विभाग को अवगत कराया जाता रहा है और शासन प्रशासन एवं पुलिस द्वारा कार्यवाही भी की जाती रही है फिर भी करोड़ों की इस जमीन पर माफिया की दृष्टि बनी रहती है और वह किसी ने किसी बहाने से विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाध्यापक की शिकायत करता रहता है ताकि विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण बनाए रखा जा सके।

# बिना टिकट रेल यात्रा कर रहे 20 लोगों से 74 हजार रुपए से अधिक वसूले

**भिण्ड, 12 मार्च।** मंडल रेल प्रबंधक झांसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु आज को ग्वालियर- भिंड- मालनपुर रेलखंड पर व ट्रेनों में बिना टिकट, अनियमित रूप से यात्रा करने वाले, धुम्रपान करने वालेए गंदगी फैलाने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु वृहद स्टर पर टिकट जांच अभियान चलाया गया।

बताया गया है कि दिन भर चले इस जांच अभियान में कुल 74 यात्रियों को पकड़ कर उनसे 20 हज़ार से अधिक रेल राजस्व वसूल किया गया। जांच अभियान के दौरान ट्रेन में अनियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्री इधर उधर छिपते नजर आए तथा तथा उनके मध्य भय का माहौल रहा। जाँच के दौरान विशेष तौर पर गाड़ियों में महिला कोच, दिव्यांग कोच की जांच करते हुए अनाधिकृत यात्रियों को शिफ्ट भी किया गया। इस अभियान का नेत्रित्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक आर के वर्मा द्वारा किया गया।जांच में मुख्य टिकट निरीक्षक विकास श्रीवास्तव, उमंग सिंह, रामनिवास मीना, अजेन्द्र सिंह, रविन्द्र जाटव एवं मनोज कुमार कावट शामिल रहे।

# पूर्व सरपंच निशांत त्यागी पर फर्जी मस्टर घोटाले में एफआईआर

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 12 मार्च।** मेहगांव थाने में पूर्व सरपंच निशांत त्यागी (बंटी) पर मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल से 12,924 रुपये गबन का बड़ा घोटाला सामने आया है। उनके खिलाफ भादंस की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467, 468 (जालसाजी), 471 व 34 के तहत एफआईआर दर्ज हुई। सचिव महेश धाकड़ व ग्राम रोजगार सहायक दीपक गोस्वामी भी आरोपी हैं। जनपद पंचायत मेहगांव के कार्यक्रम अधिकारी अमित शर्मा की शिकायत पर एसआई राजेश गर्ग ने 11 मार्च को केस दर्ज कर जांच शुरू की।



ग्राम पंचायत पचेरा में मृतकों व सरकारी कर्मचारियों के नाम से झूठे मस्टर रोल बनाकर मजदूरी के पैसे उड़ाए गए। म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के पत्र व पुरानी जांच रिपोर्टों से अपराध साबित हुआ। 2015 से 2022 तक कई जांचों में वित्तीय गड़बड़ी पकड़ी गई थी। राशि जमा होने से पहले आपराधिक केस नहीं बना, लेकिन अर्थदंड व निलंबन जैसे दंड मिले। अब भारत सरकार की स्ष्ट 2024-25 (कंडिका 20.4.11) के तहत स्न्ढ्ढक्रजरूरी होने से पुलिस हरकत में आई निशांत त्यागी बंटी पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं उनकी पत्नी पूर्व सरपंच पूनम त्यागी पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे। पचेरा पंचायत से 86.03 लाख की वसूली का पुराना आदेश है। निशांत ने पत्नी के बचाव में कोर्ट से स्टे लिया था। स्थानीय निवासियों में रोष है वे कहते हैं, 'ये परिवार पंचायत के पैसे लूटकर आम आदमी का हक छीन रहा है। सख्त कार्रवाई होनी चाहिए पुलिस जांच में और खुलासे होने की उम्मीद। निशांत का परिवार लंबे समय से पंचायतों पर कब्जा जमाए भ्रष्टाचार करता रहा अब केंद्र के नए नियमों ने घोटालों पर लगाम लगाई है।

**इनका कहना है ...**

जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी अमित शर्मा की शिकायत पर पूर्व सरपंच निशांत त्यागी बंटी सचिव महेश धाकड़ ग्राम रोजगार सहायक दीपक गोस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

**- महेश शर्मा थाना प्रभारी मेहगांव**

# जीडीएस भर्ती में बड़े घोटाले के आसार, कहां से आ रहे इतने टॉपर, क्या जाली मार्कशीट हो रहीं तैयार

**बृजेंद्र पाल बंसल**
**मालनपुर, 12 मार्च।** पोस्ट ऑफिस जीडीएस भर्ती में घपले के आरोप तो हमेशा से लगते रहे हैंद्य 2026 में भी जीडीएस भर्ती पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं और घोटाले के आरोप लगा रहे हैं। विभाग द्वारा पहली मेरिट लिस्ट 6 मार्च को जारी कर दी है जिसमें कट ऑफ लगभग 100ज् तक गया है। लिस्ट में 100 प्रतिशत अंक वाले टॉपरों की संख्या पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि ये अंक संदिग्ध हैं और मामले की जांच होनी चाहिए। आवेदकों ने आरोप लगाया है कि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है। लोगों ने बताया कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो केंद्रीय व राज्य स्तरीय बोर्ड से पास होने वाले मेधावी छात्रों का नंबर ही नहीं आ पाएगा और सारी सीटें जाली मार्कशीट वाले ही हड़प ले जाएंगे, लोगों का कहना है कि इस पूरे मामले में गहनता से जांच हो तो जीडीएस भर्ती घोटाला व्यापम घोटाले से भी बड़ा घोटाला निकलेगा द्य

**ऐसे होती है जीडीएस भर्ती :** जीडीएस (पोस्ट ऑफिस) द्वारा दसवीं पास वालों के लिए हर साल हजारों की संख्या में वैकेंसी निकाली जाती हैं, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया होती है,इसमें कोई मौखिक और लिखित परीक्षा नहीं है। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के कुछ दिनों बाद विभाग द्वारा देशभर के सभी राज्यों ,मंडलों की मेरिट लिस्ट दसवीं के अंकों के आधार पर जारी की जाती है जिस अभ्यर्थी के दसवीं में ज्यादा अंक होते हैं उसका चयन हो जाता है, इसी का फायदा उठाकर दलाल लोगों से पैसे लेकर तमाम फर्जी बोर्ड की 100ज् अंकों वाली



मार्कशीट तैयार करवा कर फॉर्म डलवा देते हैं और ऐसे फर्जी अयोग्य लोग जीडीएस की नौकरी हथिया लेते हैं।

**अकेले मुरैना डिवीजन में ही 100ज्वालों की भरमार देशभर में क्या होगा :** 6 मार्च को विभाग द्वारा पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई है जिसे देखकर अभ्यर्थियों का माथा चकरा गया, क्योंकि अकेले चंबल डिवीजन की लिस्ट में ही 100ज् वालों की भरमार है ओबीसी, एससी, एसटी कोटे में भी कट ऑफ 100ज् तक गया है इक्का-दुक्का की बात करें तो 98 और 99 तक गया है। यह कट ऑफ देखकर लोग हक्के-बक्के रह गए और कहने लगे कि इतने टॉपर कहां से आए।

**केंद्रीय व राज्य स्तरीय शिक्षा बोर्ड से भी नहीं निकल रहे इतने टॉपर :** केंद्रीय और सभी राज्यों में राज्य स्तरीय शिक्षा बोर्ड द्वारा हर साल हाई स्कूल की परीक्षाएं आयोजित की जाती है,परीक्षा परिणाम आने के बाद इक्का दुक्का छात्र ही 100ज् अंकों के साथ पास हो पाते हैं। तो फिर हजारों की संख्या में कौन से शिक्षा बोर्ड है जो 100ज् अंकों वाली मार्कशीट प्रदान कर रहे हैं जिसके सहारे फर्जी अभ्यर्थी जीडीएस में भर्ती हो रहे हैं।

**जीडीएस भर्ती में फर्जी मार्कशीट तैयार करने और वेरिफिकेशन कराने वाले गिरोह को यूपी एसटीएफ ने दबोचा था, हुई थी कार्रवाई :** 2024 में आई खबर के अनुसार ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) की भर्ती में फर्जी सर्टिफिकेट के माध्यम से भर्ती कराने वाले गैंग के सरगना समेत 13 आरोपियों को यूपी एसटीएफ ने अलीगढ़ से गिरफ्तार किया था। ये लोग डाक अधीक्षक से सेटिंग कर गैंग फर्जी तरीके से भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों की फिजिकल डाक्युमेंट वेरिफिकेशन कराते थे।इनके पास से 18 मार्कशीट फर्जी (बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड पटना) एक मार्कशीट फर्जी द वेस्ट बंगाल कौंसिल ऑफ रविंद्र ओपन स्कूलिंग। तीन कार और गिरोह के सरगना साजिद के मोबाइल में सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ, राजस्थान विद्यापीठ यूनिवर्सिटी, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड पटना व द वेस्ट बंगाल कौंसिल ऑफ रविंद्र ओपन स्कूलिंग आदि की मार्कशीट की सॉफ्ट कॉपी भी बरामद हुई है। जिनका इस्तेमाल इसी तरह प्रिंट कर फर्जी तरीके से भर्ती कराने में ये लोग करते थे। इसी तरह अन्य राज्यों में भी फर्जी मार्कशीट के सहारे नौकरी करने वालों पर कार्रवाई हो चुकी है।

**इनका कहना है ...**

मामला बहुत ही गंभीर है,मैं इस मामले में संबंधित अधिकारियों से बात कर भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्ष जांच की मांग करूंगा।

**- केशव देसाई विधायक, गोहद**